प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में होने जा रहे तीन उपचुनाव ईमानदारी और बेइमानी के बीच की लड़ाई सहित लोकतंत्र को मजबूत बनाने की भी लड़ाई है। वे आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 38 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार मजबूती के साथ अपना कार्यकाल पूरा करेगी और पूरे प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक संसाधनों में वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिसके लिए पर्यटन के साथ–साथ ग्रीन एनर्जी के दोहन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि राज्य में हो रहे तीन उपचुनाव भाजपा द्वारा जनता पर थोपे गए हैं। कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भाजपा पूरी तरह से बैकफुट पर है और तीन उपचुनाव में भी भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा का अब कोई भी षड़यंत्र सफल होने वाला नहीं है।

होम वोटिंग

चुनाव आयोग प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव में भी 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दे रहा है। ऐसे में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पात्र मतदाताओं के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 सौ 70 लोगों ने घर से ही मतदान करने के लिए आवेदन किया है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए दस मतदान टीमें बनाई गई हैं।

वन अधिकार

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय जिलों में वन अधिकार अधिनियम 2006 को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेगी। इसके बाद अन्य हिस्सों में भी इसे लागू किया जाएगा ताकि जनजातीय क्षेत्रों के साथ–साथ प्रदेश के विभिन्न भागों के लोगों को इस कानूनी अधिकार का उचित लाभ मिल सके। चंबा जिले के भरमौर में एक कार्यशाला में उन्होंने बताया कि ये अधिनियम एक ऐसा ऐतिहासिक कानून है जिसमें पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ज़मीन देने का अधिकार प्राप्त है। कार्यशाला में अधिनियम से जुड़े कानूनी पहलुओं की अहम जानकारी दी गई।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई. आर. मोबाईल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

एचएएस परीक्षा

राज्य लोक सेवा आयोग कल 30 जून को प्रदेश भर में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करेगा। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आयोग के अनुसार दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य किया गया है। ये परीक्षा सुबह के सत्र में 10 बजे जबकि दोपहर के सत्र में 2 बजे आयोजित की जाएगी।

अभियान

देश भर में पहली जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान 31 अगस्त तक चलेगा और इस अभियान का विषय ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान'' रखा गया है। इस अभियान को लेकर किन्नौर जिला प्रशासन ने आज रिकांगपिओ में एक बैठक की। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिला व खंड स्तर पर अभिभावकों को डायरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों में प्रतिरक्षण को बढ़ाने, स्वस्थ आहार सहित साफ पानी के उपयोग पर विशेष बल दिया जाएगा।

———————